05964-242330 govtdegreecollegegangolihat@gmail.com

शहीद पवन सिंह सुगड़ा राजकीय महाविद्यालय, गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)

S.P.S.S.G.D.C.Gangolihat (Pithoragarh)

आवश्यक सूचना

निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड के पत्रांक– डिग्री विविध / 7025 / 2024–25 दिनांक– 29 मार्च, 2025 के द्वारा प्राप्त आदेश के अनुपालन में जिसमें शासन के पत्र– 315 / XXIV-C-1/2025-12(10)/2024 दिनांक– 27 मार्च, 2025 द्वारा कक्षाओं में छात्र की अनिवार्य उपस्थिति के संबंध में निर्देश दिये गये हैः–

(1) चालू सेमेस्टर की परीक्षा हेतु 01 अप्रैल, 2025 से परीक्षा तक आगामी शैक्षणिक सत्र 2025–26 से उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

(2) जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जाये। इस सम्बन्ध में उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाये।

(3) उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेशित छात्रों हेतु समुचित अवस्थापना सुविधायें यथा कक्षा–कक्ष, फर्नीचर, शौचालय, इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

(4) प्रत्येक शिक्षक के पास अपनी कक्षाओं हेतु पृथक से उपस्थिति पंजिका रखना अनिवार्य होगा तथा प्रतिदिन उपस्थिति को समर्थ पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

(5) प्रत्येक शिक्षक को अपने मोबाईल में GPS कैमरा एप डाउनलोड कर अपने Lecture का छात्रों को फ्रेम में लेकर फोटोग्राफ लेना होगा तथा कम्प्यूटर में फोल्डल बनाकर अनिवार्य रूप से रखना होगा।।

(6) उच्च शिक्षण संस्थानों में समस्त प्राध्यापकों द्वारा अपने मोबाईल से लिये गये GPS Taged सैल्फी / फोटो को प्रतिदिन समर्थ पोर्टल के क्लास रूम मॉड्यूल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाये। उक्त मॉड्यूल में किसी भी प्राकर की कठिनाई के निवारण हेतु डॉ0 शैलेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, देहरादून से सम्पर्क स्थापित किया जाये।

उक्त आदेश के आलोक में महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक– 01 अप्रैल, 2025 से परीक्षा तक महाविद्यालय में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थित होना सुनिश्चित करें। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थी को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा जिस हेतु स्वयं छात्र–छात्रा जिम्मेदार होगा।

महाविद्यालय में कार्यरत समस्त सहायक प्राध्यापकों / शिक्षकों को आदेशित किया जाता है कि आप उक्त आदेश का अक्षरशः पालन कराना सुनिश्चित करें।

दिनांक– 29 मार्च, 2025.

आज्ञा से

Madhukesh

(डॉ. मधुकेश गुप्ता)

प्राचार्य

श0प0सि0सु0रा0महा0

गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)।

प्राचार्य
शहीद पवन सिंह सुगड़ा
राजकीय महाविद्यालय
गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)